प्रेस नोट थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर दिनांक 14.05.2025

चोरी करने के आरोप में 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से चोरी के आभूषण, नगद 28,000 रुपया व घटना में प्रयुक्त ऑटो बरामद

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा चोरी के अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में, क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व प्रभारी निरीक्षक कैण्ट के नेतृत्व में उ0नि0 अभय सिंह यादव मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 273/2025 धारा 303 (2) भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्त करन यादव को चोरी की 01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु, 01 अदद नाक का किल पीली धातु, 02 जोड़ी पायल सफेद धातु, नगद 28,000 रुपये व घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(3) भा0न्या0सं0 की बढ़ोत्तरी की गयी। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

दिनांक 07.05.2025 को वादी मुकदमा अपने परिवार के साथ अभियुक्त के ऑटो में बैठकर बस स्टेशन गए जहाँ पर वादी मुकदमा का पर्स ऑटो में छूट गया और अभियुक्त चोरी की नीयत से पर्स सहित ऑटो लेकर भाग गये जिसके संबंध में थाना स्थानीय पर प्राप्त तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता-

करन यादव पुत्र इन्दजीत यादव निवासी ग्राम मोलनापुर थाना महुली जनपद संतकबीरनगर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 273/2025 धारा 303(2),317(3) भा0न्या0सं0 थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर

बरामदगी-

01 अदद मंगलसूत्र पीली धातु, 01 अदद नाक का किल पीली धातु, 02 जोडी सफेद धातु की पायल, नगद 28,000 रुपया, घटना में प्रयुक्त ऑटो रिक्शा

गिरफ्तारी की टीम-

1. उ0नि0 अभय सिंह यादव पुलिस चौकी गोलघर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
2. कां0 मनीष त्रिपाठी पुलिस चौकी गोलघर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर
3. कां0 संजीत यादव पुलिस चौकी गोलघर थाना कैण्ट जनपद गोरखपुर